संख्या– cm-323
19/09/2019

डी0बी0टी0 के माध्यम से तत्काल सहायता राशि वितरण का मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ

पटना 19 सितम्बर 2019 :– एक अणे मार्ग स्थित संकल्प में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने वर्ष 2019 में अल्प वर्षापात के कारण राज्य के प्रभावित पंचायतों के परिवारों को तत्काल सहायता हेतु 3000 रुपए प्रति परिवार की दर से उनके बैंक खाते में डी0बी0टी0 (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से भुगतान का शुभारंभ माउस क्लिक कर किया। वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ होते ही पहले चरण में प्रभावित पंचायतों के कुल 1,26,918 (एक लाख छब्बीस हजार नौ सौ अठारह) सत्यापित परिवारों को कुल 38,07,54,000 (38 करोड़ 7 लाख 54 हजार) रुपये की तत्काल सहायता राशि का अंतरण पी0एफ0एम0एस0 प्रणाली के माध्यम से आई0सी0आई0सी0आई0 बैंक के द्वारा सीधे उनके बैंक खाते में किया गया जो उन्हें 48 घंटे में प्राप्त हो जाएगा।

इस अवसर पर आपदा प्रबंधन मंत्री श्री लक्ष्मेश्वर राय, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, आपदा प्रबंधन विभाग के प्रधान सचिव श्री प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री सचिवालय के अपर सचिव श्री चंद्रशेखर सिंह, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, सहित आपदा प्रबंधन विभाग के अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******